# यह परमेश्वर की महिमा का विषय है

फ्रैंकलीन के द्वारा अध्ययन

कुछ साल पहले, एक जाने माने भविष्यवक्ता पौल कैन ने मेरे एक मित्र से कहा, *"फ्रैंकलीन से कहना कि यह परमेश्वर की महिमा का विषय है।"* सालों तक मैंने उसकी इस बात को याद रखा और यही इस अध्ययन को प्रेरित करने वाला भी है।

## हम परमेश्वर की महिमा के लिए सृजे गए हैं

मेरे पुत्रों को दूर से और मेरी पुत्रियों को पृथ्वी की छोर से ले आओ; **हर एक को जो मेरा कहलाता है**, जिसको **मैं ने अपनी महिमा के लिये सृजा**, जिसको मैं ने रचा और बनाया है।।(यशायाह 43:6-7)

- हमने **यीशु** के नाम के लिए बुलाहट पाई है और हमने उसका प्रतिउत्तर दिया है (याकूब 2:7) तथा **हम उसकी महिमा के लिए सृजे गए हैं**। परन्तु, सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित है (रोमियों 3:23) और यही कारण था कि **यीशु** इस संसार में आया ताकि **हमें अपनी महिमा में पुन:स्थापित कर सके**। परन्तु उसके अनुग्रह से उस छुटकारे के द्वारा जो मसीह यीशु में है, सेंत मेंत धर्मी ठहराए जाते हैं।(रोमियों 3:24)

## अपनी महिमा में हमें पुन:स्थापित करने के लिए यीशु ने एक बड़ा मूल्य चुकाया है और इस कारण यह हमारे जीवन का मुख्य केन्द्र और लक्ष्य होना चाहिए।

हमारे लिए **मूसा** एक अच्छा **उदाहरण** होगा क्योंकि उसके जीवन का मुख्य केन्द्र और लक्ष्य निश्चय ही **परमेश्वर की महिमा** था।

**मूसा** ने परमेश्वर से कहा, **मुझे अपना तेज दिखा दे** (निर्गमन 33:18) तथा **परमेश्वर** ने उसकी पुकार का उत्तर दिया क्योंकि **परमेश्वर** द्वारा दिए गए कार्य और बुलाहट के प्रति **मूसा विश्वासयोग्य था।** और मूसा **परमेश्वर** को और अधिक घनिष्ठता से जानना चाहता था।

मूसा **परमेश्वर** से तर्क करता है :

तू ने कहा है, **तेरा नाम मेरे चित्त में बसा है**, और तुझ पर मेरे **अनुग्रह** की दृष्टि है। (निर्गमन 33:12)

- **परमेश्वर** आपका नाम भी जानता है:

"उनको ऐसा नाम दूँगा जो .. सदा बना रहेगा और कभी मिटाया न जाएगा। (यशायाह 56:5)

... इस से आनन्दित हो कि तुम्हारे नाम स्वर्ग पर लिखे हैं।" (लूका 10:20)

- लेकिन परमेश्वर से उसकी महिमा को और अधिक प्रकट करने के लिए कहना और उसकी अपेक्षा करने के लिए **हम पर उसके अनुग्रह की दृष्टि होना ज़रुरी है।**

और अब **यदि** मुझ पर तेरे **अनुग्रह** की दृष्टि हो**, तो मुझे अपनी गति समझा दे, जिससे जब मैं तेरा ज्ञान पाऊँ** तब तेरे **अनुग्रह की दृष्टि** मुझ पर बनी रहे। " (33:13)

- यह पद उसकी और अधिक से अधिक महिमा देखने की कुंजी है।

इसका आरम्भ : **'मुझे अपनी गति समझा दे'** के साथ होता है जो हम **पवित्र शास्त्र का अध्ययन** करने के द्वारा सीखते हैं। "उसकी गति को समझने" की प्रेरणा और उद्देश्य केवल ज्ञान के लिए नहीं, परन्तु **हमारा लक्ष्य** और अधिक सम्पूर्ण रीति से "परमेश्वर की गति समझना" होना चाहिए। लक्ष्य निरन्तर बढ़ता हुआ प्रेम और भक्ति की घनिष्ठता और सम्बन्ध हैं।

ऐसे सम्बन्ध का स्वभाविक परिणाम संसार के अनुसार जीना नहीं बल्कि **परमेश्वर की गति** के अनुसार जीवन जीना है, ताकि हम **परमेश्वर को प्रसन्न** करें तथा उसके **अनुग्रह** की दृष्टि में बढ़ते जाएं।

फिर हम मूसा के समान पुकारने की स्थिति में होते हैं : **मुझे अपना तेज दिखा दे**

यह परमेश्वर के लिए करना प्रसन्नता की बात है क्योंकि:
जब कभी उनका हृदय प्रभु की ओर फिरेगा, तब वह परदा उठ जाएगा। (2 कुरिन्थियों 3:16)परन्तु जब हम सब के उघाड़े चेहरे से प्रभु का **प्रताप** इस प्रकार प्रगट होता है, जिस प्रकार दर्पण में, (उसका वचन और उसकी सृष्टि) तो प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम उसी **तेजस्वी** रूप में **अंश अंश करके बदलते** जाते हैं। 2 कुरिन्थियों 3:18

एलिजाबेथ बैरेट की कविता:

**सारे संसार में भरी है उसकी महिमा**
**परमेश्वर के साथ जलती हर एक आम झाड़ी**
**लेकिन सिर्फ वही आंखें जो उसे देखना चाहती हैं उतारे जूते अपने**
**बचे हुए लोग बैठें आस पास और खाएं जामुन**

हमारे जीवन में इस **परिवर्तन** परमेश्वर की **इच्छा और योजना है** तथा यह परमेश्वर की उपस्थिति में रहने के द्वारा आता है - "उसकी गति" को सीखकर, "उसको देख कर"

और वचन देहधारी हुआ; और **अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण** होकर हमारे बीच में डेरा किया, और **हम ने उसकी ऐसी महिमा देखी**, जैसी पिता के एकलौते की महिमा। यूहन्ना 1:14

जब हम प्रार्थनापूर्वक उसके वचनों में बने रहते हैं, तब हम उसके आपार **अनुग्रह और सच्चाई** को - **उसकी गति** को और अधिक **जान पाते** हैं - हम और गहराई से उसका ज्ञान प्राप्त करते हैं - हम **उसकी महिमा** को और स्पष्टता से देखते हैं - अपने जीवन में और अधिक से अधिक **अनुग्रह और सच्चाई** के साथ, हम **उसके तेजस्वी रूप** में अंश अंश करके बदलते जाते हैं।

लोग यीशु की ओर आकर्षित होते हैं क्योंकि वह **अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण था** और उसमें परमेश्वर की महिमा प्रतिबिम्बित होती थी।

गलील और दिकापुलिस, यरूशलेम, यहूदिया और यरदन नदी के पार से **भीड़ की भीड़ उसके पीछे हो ली।** मत्ती 4:25

अपना कार्य की समाप्त पर यीशु ने कहा:

यूहन्ना 13:31 "अब मनुष्य के **पुत्र** की **महिमा** हुई है, और **परमेश्वर की महिमा** उसमें हुई है

- क्यों ? क्योंकि अपने को दिए हुए कार्य के प्रति यीशु विश्वासयोग्य रहा। और ऐसा करके उसने अपने पिता को आदर दिया, उसे महिमा दी तथा उसे प्रकट किया।
- हमें भी ऐसा ही करना चाहिए - उसके कार्य और उसके प्रति पूरी विश्वासयोग्यता से समर्पित होने के द्वारा यीशु और हमारे पिता को महिमा मिलती है, और बदले में वह हमें महिमित करता है।

यूहन्ना 13:32 **यदि उसमें** (यीशु में ) **परमेश्वर की महिमा होती है**, तो परमेश्वर भी **अपने में** उसकी महिमा करेगा, और तुरन्त करेगा।

- जो पिता ने यीशु से बोलने और करने को कहा था, वह सब करने के द्वारा यीशु एक आज्ञाकारी पुत्र के रूप में यीशु पिता की महिमा करता है, और अपने पिता के प्रेम और करुणा से भरे हृदय को प्रकट करता है।
- यीशु इस पृथ्वी पर पिता का प्रकटीकरण है, वह पिता की महिमा को लाया है और इसके बदले में पिता अपने पुत्र की महिमा और आदर करता है।

यूहन्ना 17:4-5 जो कार्य तू ने मुझे करने को दिया था, उसे पूरा करके **मैं ने** पृथ्वी पर **तेरी महिमा की है।** [5] अब हे पिता, तू अपने **साथ** मेरी महिमा उस महिमा से कर जो जगत की सृष्टि से पहले, मेरी तेरे साथ थी।

- अपने कार्य को प्रति समर्पित रहने के द्वारा यीशु पिता की महिमा करता है।

मत्ती 9:35-38 यीशु **सब नगरों** और गाँवों में **फिरता** रहा और उनके आराधनालयों में **उपदेश** करता, और **राज्य का सुसमाचार** प्रचार करता, और हर प्रकार की बीमारी और **दुर्बलता** को दूर करता रहा। [36] जब उसने **भीड़ को देखा** तो उसको लोगों पर **तरस** आया, क्योंकि वे उन भेड़ों के समान जिनका कोई रखवाला न हो, व्याकुल और भटके हुए से थे। [37] **तब उसने अपने चेलों से कहा**, "पके खेत तो बहुत हैं पर मजदूर थोड़े हैं। [38] इसलिये खेत के स्वामी से विनती करो कि वह अपने खेत काटने के लिए मजदूर भेज दे।"

- वह अकेला मनुष्य था - फसल की कटनी पूरे विश्व की थी - इसलिए उसने मुझे और आपको बुलाया।
- यीशु ने हमें **वही मिशन** (कार्य) दिया है - उस कार्य को समाप्त करने के द्वारा **पिता की महिमा** करना जो हमें दिया गया है।

यूहन्ना 20:21 ... जैसे पिता ने मुझे भेजा है, वैसे ही मैं भी तुम्हें भेजता हूँ।"

मत्ती 10:1 फिर उसने अपने बारह चेलों को पास बुलाकर, उन्हें अशुद्ध आत्माओं पर **अधिकार** दिया कि उन्हें निकालें और सब प्रकार की बीमारियों और सब प्रकार की **दुर्बलताओं** को दूर करें।. . . . [7] और चलते-चलते यह प्रचार करो : 'स्वर्ग का राज्य निकट आ गया है।' [8] बीमारों को चंगा करो, मरे हुओं को जिलाओ, कोढ़ियों को शुद्ध करो, दुष्टात्माओं को निकालो। तुम ने सेंत मेंत पाया है, सेंत मेंत दो।

- इस प्रकार की सेवा हमारे **पिता** और प्रभु **यीशु मसीह** के हृदय, उसके आदर और महिमा को प्रकट करता है।
- और जब हम अपना कार्य पूरा कर लेंगे - हमें हमारे **पिता** और **प्रभु यीशु मसीह** में और उसके साथ महिमामय किया जाएगा।

यूहन्ना 14:10-14 क्या तू **विश्वास** नहीं करता कि मैं पिता में हूँ और पिता मुझ में है? ये बातें जो मैं तुम से कहता हूँ, अपनी ओर से नहीं कहता,

(देखें: यूहन्ना 5:19-22, 30; 8:28)

परन्तु **पिता मुझ में रहकर अपने काम करता है।**

- और अब, यीशु हम में रहकर **अपना काम** करता है - अपने पिता का काम
- जब हम यीशु में रहते हैं, तब हम "उसके काम" करेंगे जो हमारे प्रभु यीशु मसीह को प्रकट करता और उसकी महिमा करता है तथा हमारे पिता को भी प्रकट करता और उसकी महिमा करता है।

[11] **मेरा विश्वास करो** कि मैं पिता में हूँ और पिता मुझ में है; नहीं तो **कामों ही के कारण** मेरा **विश्वास** करो।

- बड़ा विश्वास बिना देखे विश्वास करता है, केवल इसलिए कि **यीशु** ने यह कहा है हम उसकी आज्ञा पालन करने के द्वारा उसका आदर करते हैं और उसकी सेवा करते हैं। (धन्य हैं वे जिन्हों ने बिना देखे विश्वास किया। यूहन्ना 20:29) परन्तु यदि किसी का विश्वास कम है - लक्ष्य अपने पिता के हृदय को तथा अपने लोगों के लिए उसके प्रेम को प्रकट करना - इसलिए किसी व्यक्ति के लिए चिह्न और चमत्कार **प्रभु** पर विश्वास करने, उसका आदर और महिमा करने का कारण होना चाहिए।

12 "मैं तुम से सच सच कहता हूँ कि जो **मुझ पर विश्वास** रखता है, ये **काम** जो मैं करता हूँ **वह भी करेगा**, वरन् इनसे भी बड़े काम करेगा, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूँ।

- जिस प्रकार पिता ने पुत्र को भेजा, अब पुत्र उन लोगों को भेजता है, जिन्होंने उस पर विश्वास किया ताकि **पुत्र के उनमें रहने के द्वारा** और हमसे **पुत्र** और हमारे **पिता की महिमा हो।**

  यूहन्ना 17:22-24 वह **महिमा** जो तू ने मुझे दी मैं ने उन्हें दी है, कि वे वैसे ही **एक** हों जैसे कि हम एक हैं, 23 **मैं उन में और तू मुझ में** कि वे सिद्ध होकर एक हो जाएँ, **और** संसार जाने कि **तू ही ने मुझे भेजा**, और जैसा तू ने मुझ से प्रेम रखा वैसा ही **उनसे प्रेम रखा।**

- जैसा मूसा ने कहा:
  यह कैसे जाना जाए कि तेरे **अनुग्रह** की दृष्टि मुझ पर और अपनी प्रजा पर है? क्या इससे नहीं कि **तू हमारे संग संग चले**, **जिससे** मैं और तेरी प्रजा के लोग पृथ्वी भर के **सब लोगों से अलग ठहरें?"** निर्गमन 33:16

  हमारे जीवन में "**परमेश्वर** की उपस्थिति", हमारे ऊपर उसकी महिमा, यह वे बातें हैं जो हमें "बाकि सब लोगों से" अलग करती है। उसकी महिमा पूर्णत: आवश्यक है।

  यह आवश्यक है कि : जब हम सब के उघाड़े चेहरे से प्रभु का प्रताप (उसको देखना) इस प्रकार प्रगट होता है, जिस प्रकार दर्पण में (उसका वचन और उसकी सृष्टि), तो प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम उसी **तेजस्वी** रूप में अंश अंश करके **बदलते जाते हैं**। (2 कुरि.3:18) और फिर ...

13 जो कुछ तुम मेरे नाम से माँगोगे, वही मैं करूँगा कि पुत्र **के द्वारा पिता की महिमा हो।** 14 यदि तुम मुझ से मेरे नाम से कुछ माँगोगे, तो मैं उसे करूँगा।

## यह सब परमेश्वर की महिमा का विषय है

हम सब उसके उद्देश्य के लिए सृजे गए हैं

मत डर, क्योंकि **मैं तेरे साथ हूँ;** मैं तेरे वंश को पूर्व से ले **आऊँगा**, और पश्चिम से भी इकट्ठा करूँगा। [6] मैं उत्तर से कहूँगा, 'दे दे,' और दक्षिण से कि 'रोक मत रख;' मेरे पुत्रों को दूर से और मेरी पुत्रियों को पृथ्वी के छोर से **ले आओ;** [7] **हर एक को जो मेरा कहलाता है**, जिसको

**मैं ने अपनी महिमा के लिये सृजा,**

जिसको मैंने रचा और बनाया है।" यशायाह 43:5-7

"उसके नाम से पुकारे जाने वाले" अर्थात वे जिन्हें उसने अपनी महिमा के लिए सृजा है, "अपने पुत्र और पुत्रियों को ले आने" के लिए "वह हमारे साथ है"। इस पृथ्वी पर यह हमारा उद्देश्य है।

भजन संहिता 67:1-2 परमेश्वर हम पर **अनुग्रह** करे और हम को **आशीष दे;** वह हम पर अपने **मुख को प्रकाश चमकाए -** अपनी महिमा हमें दे कर। किस उद्देश्य के लिए ? [2] **जिस से तेरी गति** पृथ्वी पर, और **तेरा किया हुआ उद्धार** सारी जातियों में जाना जाए ...[7] **परमेश्वर हम को आशीष देगा**; और पृथ्वी के दूर दूर देशों के सब लोग उसका भय मानेंगे।

- इस पृथ्वी पर **हमारा उद्देश्य** यही है कि प्रभु यीशु और परमेश्वर पिता को लोग **जानें**। यीशु को हमारे जीवन में वास करने देने के द्वारा और उसकी महिमा हममें प्रकट होने के द्वारा उसका प्रेम, दया और अनुग्रह सब लोगों में जानी जाए।

  उन अविश्वासियों की बुद्धी को इस संसार के ईश्वर ने अन्धा कर दिया है कि वे परमेश्वर के प्रतिरूप, अर्थात् **मसीह के तेजोमय सुसमाचार की ज्योति** को, न देख सकें। 2 कुरिन्थियों 4:4
    - सुसमाचार - जो यीशु मसीह ने हमारे लिए किया - निश्चय ही **मसीह की तेजोमय ज्योति है।**

- मरकुस 16:15-18 और उसने उनसे कहा, "तुम सम्पूर्ण जगत में **जाओ** और सारी सृष्टि को **सुसमाचार प्रचार करो।** [16] जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले वह उद्धार पाएगा, परन्तु जो विश्वास न करे वह दोषी ठहराया जाएगा। [17] और विश्वास करने वालों में ये **चिह्न दिखाई देंगे**: मेरे नाम से वे दुष्टात्माओं को **निकालेंगे**, तथा नई नई भाषाएं **बोलेंगे**; [18] वे सांपों को **उठा लेंगे**, और यदि वे प्राणनाशक विष भी **पी जाएं** तो इस से उनकी हानि न होगी; **वे बीमारों पर हाथ रखेंगे और वे चंगे हो जाएंगे।"**

  यूहन्ना 15 बताया गया है कि यह किस प्रकार होगा

यूहन्ना 15:1-2 "सच्ची दाखलता मैं हूँ, और मेरा पिता किसान है। [2] जो डाली मुझ में है और **नहीं फलती**, उसे वह काट डालता है; और जो फलती है, उसे वह **छाँटता** है **ताकि और फले।**

- यह हमारा कार्य है - फल लाना - और हमारे जीवन में बहुत सी कठिनाइयाँ वास्तव में हमारे पिता की "छंटाई" के कार्य हैं ताकि हम "और बहुत सा फल लाएं"।

[4] **तुम मुझ में बने रहो, और मैं तुम में।** जैसे **डाली यदि दाखलता में बनी न रहे तो अपने आप से नहीं फल सकती,** वैसे ही **तुम भी यदि मुझ में बने न रहे** तो नहीं फल सकते। [5] मैं दाखलता हूँ: तुम डालियाँ हो। जो **मुझ में बना रहता** है और **मैं उसमें**, वह **बहुत फल फलता है,** क्योंकि **मुझ से अलग होकर तुम कुछ भी नहीं कर सकते।**

- यीशु में बने रहना एक चुनौती है। हम असल में, इस से पहले हमारा "नया जन्म" होता, एक बिलकुल भिन्न वृक्ष में "जहरीले" फलों के साथ रहते थे।

  रोमियों 11:17 पर यदि ... तू जंगली जैतून होकर उनमें **साटा गया**, और जैतून की **जड़ की चिकनाई** का भागी हुआ है,

  हमें अपने पुरानी जड़े छोड़ देनी चाहिए। हमारे शब्द और कार्य हमारी पुरानी जहरीली जड़ो से नहीं परन्तु अब "जैतून की जड़ की चिकनाई " से आनी चाहिए।

[7] **यदि तुम मुझ में बने रहो** और **मेरा वचन तुम में बना रहे**, तो जो चाहो **माँगो** और वह **तुम्हारे लिये हो जाएगा।**

- जिस प्रकार एक डाली दाखलता से जीवन प्राप्त करती है, उसी प्रकार जब हम उसमें **बने रहते** हैं, तो उसका वचन जो जीवन है (यूहन्ना 6:63) हम में बहकर हमारी इच्छाओं को बनाता और संवारता है, जो उसकी इच्छाएँ होती हैं, और तब "जो चाहो माँगो और वह तुम्हारे लिये हो जाएगा।"

[8] **मेरे पिता की महिमा इसी से होती है** कि तुम बहुत सा फल लाओ, तब ही तुम मेरे चेले ठहरोगे। [9] **जैसा** पिता ने मुझ से प्रेम रखा, वैसा ही **मैं ने तुम से प्रेम रखा; मेरे प्रेम में बने रहो**।

हम कैसे "उसके प्रेम में बने" रह सकते हैं?

[10] **यदि तुम मेरी आज्ञाओं को मानोगे** (देखें, यूहन्ना 13:34 & 15:12), तो मेरे प्रेम में बने रहोगे; जैसा कि मैं ने अपने पिता की आज्ञाओं को माना है, और उसके प्रेम में बना रहता हूँ।

- जैसे दाखलता में, वैसे ही डाली में जीवन बहता है। इसलिए जब हम "उसमें बने रहते हैं " उसका वचन हम में बहता है और हम, वही कहते हैं, वही करते हैं, वही मानते हैं।

[11] मैं ने ये बातें तुम से इसलिये कही हैं, कि **मेरा आनन्द** तुम में बना रहे, और तुम्हारा **आनन्द** पूरा हो जाए।

- पिता की और पुत्र की महिमा करना वो है जिसके लिए हमें रचा और सृजा गया है, जो हम में पूरी संतुष्टि और पूरा आनन्द लाता है।

## यह परमेश्वर की महिमा का विषय है

यूहन्ना 2:11 यीशु ने गलील के काना में अपना यह पहला चिह्न दिखाकर **अपनी महिमा प्रगट की** और उसके चेलों ने **उस पर विश्वास किया**।

- चिह्न, आश्चर्यकर्म और चमत्कार दूसरों पर हमारे प्रभु यीशु मसीह की महिमा को प्रकट करते हैं और विश्वास की नींव डालते हैं ताकि वे **उसमें विश्वास कर सकें**।

लाज़रस को मुर्दों में से जिलाना:
यूहन्ना 11:40 यीशु ने उससे कहा, "क्या मैं ने तुझ से नहीं कहा था कि यदि तू **विश्वास करेगी**, तो **परमेश्वर की महिमा** को देखेगी।" [41] तब उन्होंने उस पत्थर को हटाया। यीशु ने आँखें उठाकर कहा, "हे पिता, मैं तेरा धन्यवाद करता हूँ कि तू ने मेरी सुन ली है। [42] मैं जानता था कि तू सदा मेरी सुनता है, परन्तु **जो भीड़ आस पास खड़ी है, उनके कारण** मैं ने यह कहा, जिससे कि **वे विश्वास करें** कि तू ने मुझे भेजा है।"

- चिह्न और आश्चर्यकर्म विश्वास की नींव डालता है और प्रभु यीशु मसीह के लिए महिमा लाता है।

1 कुरिन्थियों 10:31 इसलिये तुम चाहे खाओ, चाहे पीओ, चाहे जो कुछ करो, **सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिये करो।**

मसीहियों के लिए, जीवन परमेश्वर की महिमा का विषय है।

2 कुरिन्थियों 3:18 परन्तु जब हम सब के उघाड़े चेहरे से प्रभु का **प्रताप** इस प्रकार प्रगट होता है, जिस प्रकार दर्पण में, तो प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम **उसी तेजस्वी रूप में** अंश अंश करके **बदलते जाते** हैं।

- जितना अधिक हम उसकी महिमा को देखते हुए उसकी **उपस्थिति में रहेंगे**, **उतनी अधिक उसकी महिमा** (जिसे प्रेम, आनन्द, शान्ति के रूप में देख सकते हैं) **हम से प्रकाशित होती है** और हमारे कार्यों में प्रदर्शित होता है। भीड़ में आप अलग नज़र आते हैं, लोग आपको देखते हैं और आपकी ओर खींचते हुए आते हैं।

- जिस प्रकार चंद्रमा "सूर्य की महिमित तेज" को तब प्रतिबिम्बित करती है जब सूर्य स्वयं दिखाई नहीं देता, उसी प्रकार हमें भी "पुत्र" के प्रकाश को इस संसार के अंधकार में प्रतिबिम्बित करना है। वह हम पर भरोसा करता है कि उसकी महिमा प्रकट करें।

- और जिस प्रकार प्रकाश - तेज - चंद्रमा का नहीं है, और न ही हमारे कार्य हमारी महिमा महिमा के लिए नहीं परन्तु केवल प्रभु की महिमा के लिए हैं।

- इसका एक अच्छा उदाहरण :

मत्ती 13:45-47 "फिर स्वर्ग का राज्य सच्चे मोतियों को खोजने वाले एक व्यापारी के समान है। [46] जब उसे **एक बहुमूल्य मोती** मिला तो उसने जाकर **अपना सब कुछ बेच दिया** और उस मोती को **खरीद लिया।**

  - वह जिसने "अपना सब कुछ बेच दिया" यीशु है, जिसने हमें खरीद या छुड़ा लिया। क्योंकि मूल्य उस दाम के द्वारा निर्धारित होता है जो उसे खरीदने के लिए कोई देने को तैयार होता है, यह "उसके लोगों" को "बहुमूल्य मोती" के समान बनाता है।
  - मोती रेत के एक कण से बनता है - शुक्ति के भीतर - एक तकलीफ देने वाली वस्तु। शुक्ति उस तकलीफ देने वाली वस्तु को ढांपना या उसी सुंदर चमकदार पदार्थ की परत चढ़ाना आरम्भ कर देता जिससे शुक्ति के शंख का अंदरूनी हिस्सा बना होता है।
  - हम उसके तथा दूसरे के लिए "तकलीफ देने वाली वस्तु" थे, लेकिन जब हमें "यीशु" में रखा जाता है, तो वह उसी पदार्थ - उसकी महिमा - से हम पर एक के बाद एक करके परत चढ़ाना आरम्भ कर देता है, और प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम उसी **तेजस्वी रूप में** अंश अंश करके **बदलते जाते** हैं।

मत्ती 5:16 तुम्हारा प्रकाश मनुष्यों के सम्मुख इस प्रकार चमके कि वे तुम्हारे **भले कामों** को देख कर तुम्हारे **पिता की, जो स्वर्ग में है, महिमा करें।**

1 कुरिन्थियों 6:20 क्योंकि दाम देकर मोल लिये गए हो, इसलिये अपनी देह के द्वारा **परमेश्वर की महिमा करो।**

- अपनी देह को अपनी नहीं पर प्रभु की देह समझो, इसे स्वस्थ रखें, पवित्र रखें। और जिस तरह आप रहते हैं - उसके द्वारा अपनी देह का इस्तेमाल "परमेश्वर की महिमा" के लिए करें।

1 पतरस 2:12 अन्यजातियों में तुम्हारा **चाल-चलन भला** हो; ताकि जिन-जिन बातों में वे तुम्हें कुकर्मी जानकर बदनाम करते हैं, वे **तुम्हारे भले कामों** को देखकर उन्हीं के कारण कृपा-दृष्टि के दिन **परमेश्वर की महिमा करें।**

2 थिस्सलुनीकियों 1:11-12 इसी लिये हम सदा तुम्हारे लिये प्रार्थना भी करते हैं कि हमारा परमेश्वर तुम्हें इस बुलाहट के योग्य समझे, और **भलाई की हर एक इच्छा** और **विश्वास के हर एक काम को सामर्थ्य सहित पूरा करे**, 12 **ताकि** हमारे परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह के अनुसार हमारे प्रभु यीशु का **नाम तुम में महिमा पाए, और तुम उस में।**

भजन संहिता 29:2 यहोवा की ऐसी महिमा **करो** जो **उसके नाम के योग्य हो**, पवित्रता से शोभायमान होकर यहोवा को दण्डवत् करो।

भजन संहिता 96:1-3 यहोवा के लिये एक नया गीत गाओ, हे सारी पृथ्वी के लोगो, यहोवा के लिये गाओ! 2 यहोवा के लिये गाओ, उसके नाम को धन्य कहो; दिन प्रतिदिन उसके किए हुए **उद्धार का शुभसमाचार सुनाते रहो।** 3 **अन्य जातियों में उसकी महिमा का**, और देश देश के लोगों में उसके आश्चर्यकर्मों का **वर्णन करो**।

हबक्कूक 2:14 क्योंकि पृथ्वी **यहोवा की महिमा के ज्ञान से** ऐसी भर जाएगी जैसे समुद्र जल से **भर जाता है**।

प्रकाशितवाक्य 4:11 'हे हमारे प्रभु और परमेश्वर, **तू ही महिमा, आदर और सामर्थ्य के योग्य है**, क्योंकि तू ने ही सब वस्तुओं को सृजा, और उनका अस्तित्व और उनकी सृष्टि तेरी ही इच्छा से हुई।"

प्रकाशितवाक्य 5:11-14 जब मैं ने देखा, तो उस सिंहासन और उन प्राणियों और उन प्राचीनों के चारों ओर बहुत से स्वर्गदूतों का शब्द सुना, जिन की गिनती लाखों और करोड़ों की थी, 12 और वे ऊँचे शब्द से कहते थे, "वध किया हुआ **मेम्ना ही** सामर्थ्य और धन और ज्ञान और शक्ति और आदर और महिमा और धन्यवाद के **योग्य है**!" 13 फिर मैं ने स्वर्ग में और पृथ्वी पर और पृथ्वी के नीचे और समुद्र की सब सृजी हुई वस्तुओं को, और सब कुछ को जो उनमें हैं, यह कहते सुना, "जो सिंहासन पर बैठा है उसका और **मेम्ने** का धन्यवाद और **आदर और महिमा** और राज्य युगानुयुग रहे!"

14 और चारों प्राणियों ने कहा,

"आमीन !"